प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 02.08.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. सुप्रीम कोर्ट ने नीट यूजी परीक्षा मामले के विस्तृत आदेश में कहा– कोई प्रणालीगत चूक न मिलने के कारण रद्द नहीं की गई परीक्षा : इसरो के पूर्व प्रमुख की अध्यक्षता में बनी समिति 30 सितंबर तक देगी रिपोर्ट।
2. गोरखपुर मंडल में बीते सात वर्षों में एमबीबीएस की सीटें हुईं सात गुनी : इस साल मंडल में एमबीबीएस की 300 नई सीटों समेत कुल 675 सीटों पर होगा दाखिला।
3. प्रदेश में बाढ़ से फसल नुकसान पर सवा लाख से अधिक किसानों को मिला 71 करोड़ रुपए से अधिक का मुआवजा: लखीमपुर खीरी को सर्वाधिक 47 करोड़ रुपये का किया भुगतान।

और

4. सावन मास की शिवरात्रि पर आज प्रदेश भर के शिवालयों में उमड भक्त : मेरठ और बागपत में कांवड़ियों पर हेलीकॉप्टर से हुई पुष्प वर्षा।

————————

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि नीट यूजी 2024 परीक्षा को इसलिये रद्द नहीं किया गया, क्योंकि इसकी शुचिता में कोई प्रणालीगत चूक नहीं पाई गई। पेपर लीक सिर्फ पटना और हजारीबाग तक सीमित था। आज मुख्य न्यायाधीश

डी0वाई0 चन्द्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने 23 जुलाई को सुनाये गये आदेश के विस्तृत कारणों में कहा कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए को अपना ढुलमुल रवैया बंद करना चाहिये, क्योंकि यह छात्रों के हितों में नहीं हैं। पीठ ने कई निर्देश जारी किये। साथ ही एनटीए के कामकाज की समीक्षा करने और परीक्षा सुधारों की सिफारिश करने के लिये इसरो के प्रमुख के0 राधाकृष्णन की अध्यक्षता में केन्द्र द्वारा बनाई गई समिति के दायरे का विस्तार किया। इसमें कहा गया कि समिति का दायरा बढ़ा है, इसलिये समिति परीक्षा प्रणाली में कमियों को दूर करने के लिये विभिन्न उपायां पर अपनी रिपोर्ट तीन सितम्बर तक प्रस्तुत करें। पीठ ने कहा कि राधाकृष्णन समिति परीक्षा प्रणाली मजबूत करने के मद्देनजर उन्नति प्रौद्योगिकी को अपनाने के लिये मानक संचालन प्रक्रिया तैयार करने पर विचार करे। पीठ ने कहा कि अगर किसी शिकायत का निवारण सुप्रीम कोर्ट के फैसले से नहीं हुआ है, तो वह अब हाईकोर्ट जा सकता है।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश क बाद केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि नीट–यूजी परीक्षा में शुचिता का कोई प्रणालीगत उल्लंघन नहीं होने और इसलिए दोबारा परीक्षा नहीं होने पर सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पणी सरकार के रुख की पुष्टि करती है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री प्रधान ने कहा कि सरकार छेड़छाड़ मुक्त, पारदर्शी और

शून्य–त्रुटि परीक्षा प्रणाली के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, यह सुनिश्चित करने के लिए कि सरकार विशेषज्ञों की उच्च स्तरीय समिति की सिफारिशों को प्रस्तुत किए जाने के बाद जल्द से जल्द लागू करेगी। उन्होंने कहा कि यह फैसला उस दुष्प्रचार को खारिज करता है, जो फैलाया जा रहा था। उन्होंने न्याय देने और लाखों मेहनती छात्रों के हितों की रक्षा करने के लिए सुप्रीम कोर्ट को धन्यवाद दिया। श्री प्रधान ने कहा, सरकार उच्चतम न्यायालय के फैसले को अक्षरशः लागू करेगी।

————————

गोरखपुर मंडल में सरकार के प्रयास से बीते सात वर्ष में एमबीबीएस की करीब सात गुना सीटें बढ़ गई हैं। इस साल गोरखपुर मंडल में एमबीबीएस की 300 नई सीटों पर दाखिला होगा और एमबीबीएस की 675 सीटों पर पढ़ाई शुरू होगी। कभी एक मेडिकल कॉलेज वाले इस मंडल के चार जिलों में आज पांच मेडिकल कॉलेज हैं तो विश्व स्तरीय एम्स भी है। एक लंबे दौर तक यहां सिर्फ बीआरडी मेडिकल कॉलेज में ही एमबीबीएस की सौ सीटों पर पढ़ाई होती थी। इसमें 125 सीटों की वृद्धि गोरखपुर मं एम्स खुलने के साथ और 100 सीटों का इजाफा देवरिया में महर्षि देवरहा बाबा राज्य स्वायत्तशासी मेडिकल कॉलेज की स्थापना से हुआ। मंडल में इस साल से तीन नए मेडिकल कॉलेजों में कुल 300 एमबीबीएस सीटों पर दाखिला और

पढ़ाई शुरू होने जा रही है। इनमें कुशीनगर में राज्य स्वायत्तशासी मेडिकल कॉलेज को 100 सीटें, महराजगंज में पीपीपी मॉडल पर संचालित केएमसी मेडिकल कॉलेज को 150 सीटें और श्री गोरक्षनाथ मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर को एमबीबीएस की 50 सीटों के लिए मान्यता और लेटर ऑफ परमिशन नेशनल मेडिकल कमीशन से प्राप्त हो चुका है।

————————

प्रदेश में बाढ़ की वजह से फसलों को हुए नुकसान की भरपाई के लिए प्रदेश सरकार ने अब तक 150 करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि जारी की है। यह धनराशि क्षतिग्रस्त फसलों को मुआवजा देने के लिए जिलों की डिमांड पर जारी की गई है। इसके साथ ही अब तक सवा लाख से अधिक किसानों को उनकी क्षतिग्रस्त फसलों के लिए 71 करोड़ रुपए से अधिक का मुआवजा दिया जा चुका है। इसमें सबसे अधिक लखीमपुर खीरी के 70 हजार से अधिक किसानों को 47 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है। राहत आयुक्त जी एस नवीन ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के बाढ़ ग्रस्त इलाकों में लगातार क्षतिग्रस्त फसलों का सर्वे किया जा रहा है, ताकि किसानों को समय से मुआवजा दिया जा सके। उन्होंने बताया कि सरकार की ओर से बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि और बाढ़ से क्षतिग्रस्त 33 प्रतिशत से अधिक

फसल के नुकसान पर ही मुआवजा दिया जाता है। लखीमपुर के अलावा सिद्धार्थनगर के 15 हजार 478 किसानों को 7 करोड़ 70 लाख रुपये और हरदोई के 14 हजार 673 किसानों को 5.42 करोड़ रुपए का मुआवजा दिया जा चुका है।

————————

अयोध्या में नाबालिक से गैंगरेप के मामले में पीड़िता की मां ने आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इसके बाद मुख्यमंत्री के निर्देश पर पूराकलंदर थाना अध्यक्ष और चौकी इंचार्ज को निलम्बित कर दिया गया है। साथ ही एसडीएम की ओर से आरोपी के मकान और जमीनों की पैमाइश शुरू कर दी गई है।

————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

—————————

सावन मास की शिवरात्रि पर आज सुबह से प्रदेश भर के शिवालयों में जलाभिषेक और पूजा–अर्चना के लिए कांवड़ियों और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। वाराणसी, गाजियाबाद, बाराबंकी, बदायूं, मेरठ, बस्ती, अमरोहा, बागपत और जौनपुर समेत प्रदेशभर के शिवालयों में कपाट खुलते ही भगवान विश्वनाथ की आरती के बाद पूजा–अर्चना हुई और जलाभिषेक प्रारंभ हो गया। मंदिरों में दिनभर हर–हर महादेव का जयघोष गूंजा। वाराणसी में काशी विश्वनाथ धाम में सुबह से ही भक्तों की लंबी कतार देखने को मिली। मंदिर प्रशासन के मुताबिक, शाम पांच बजे तक एक लाख 25 हजार से अधिक भक्तों ने महादेव की दरबार में हाजिरी लगाई। वहीं मुख्यमंत्री के निर्देश पर लगातार तीसरे दिन आज मेरठ और बागपत में कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा की गई। श्रावण शिवरात्रि के पावन अवसर पर मेरठ मंडल की मंडलायुक्त सेल्वा कुमारी जे और आईजी नचिकेता झा ने मेरठ में बाबा औघड़नाथ मंदिर और बागपत में पुरा महादेव मंदिर में कांवड़ियों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की। दोनों अधिकारियों ने पुष्प वर्षा के साथ ही मंदिर परिसर का सर्वेक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा होते देख कावंडिये खुशी से झूम उठे।

हापुड़ में बड़ी संख्या में जलाभिषेक के लिये पहुंच कांवड़ियों में काफी उत्साह दिखा। पेश है हमारे प्रतिनिधि की रिपोर्ट.....

*हापुड़ में महादेव का जलाभिषेक करने के लिए हरिद्वार और बृज घाट से बड़ी संख्या में कांवड़िए जल लेकर पहुंचे हैं। भगवा रंग में रंगी जनपद की सड़कें बोल बम के जयकारों से गुंजायमान हैं। हापुड में आज जनपद समेत गाजियाबाद, बुलंदशहर, अमरोहा,अलीगढ़, दिल्ली के करीब 3 लाख श्रद्धालुओं ने जल भरकर कांवड़ उठाई। हापुड़ जनपद के गढ़मुक्तेश्वर स्थित मुक्तेश्वर महादेव, प्राचीन शिव मंदिर सबली स्थित सबली महादेव,प्राचीन शिव मंदिर, छपकोली श्यामेश्वर महादेव, प्राचीन शिव मंदिर दहपा,प्राचीन शिव मंदिर दतियाना भूतेश्वर महादेव और प्राचीन मंदिर सरावा झाड़खंडी महादेव, कल्याणपुर स्थित कल्याणेश्वर महादेव मंदिर में कांवड़ियों ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। त्रयोदशी तिथि और चतुर्दशी तिथि मिलने से आज की तिथि शिव पूजा के लिए खास है। जलाभिषेक के दौरान पुलिस प्रशासन पूरी सतर्क दिखाई दिया। पुलिस प्रशासन की ओर से शिव भक्तों पर पुष्प वर्षा की गई, जो आकर्षण का केंद्र रही। रविंद्र कुमार, आकाशवाणी समाचार हापुड़।*

———————

लखनऊ मेल स्वतंत्रता दिवस से चारबाग रेलवे स्टेशन से चलने लगगी। उत्तर रेलवे प्रशासन की तरफ से इसका संचालन आदेश जारी कर दिया गया है। 15 अगस्त को पहली बार छह साल बाद यात्रियों को लेकर ट्रेन चारबाग स्टेशन से नई दिल्ली के लिये रवाना होगी। अभी तक यह ट्रेन लखनऊ जंक्शन से रोजाना रात 10 बजे दिल्ली रवाना होती थी।

———————

माफिया अतीक अहमद और उसके भाई खालिद अजीम उर्फ अशरफ की हत्या के मामले में पुलिस को क्लीन चिट मिल गयी है। पुलिस अभिरक्षा में हुयी हत्या की जांच के लिये इलाहाबाद हाईकोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायमूर्ति दिलीप बाबा साहब भोसले की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय न्यायिक आयोग का गठन हुआ था। आयोग की रिपोर्ट कल वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने विधानसभा में पेश की। रिपोर्ट में कहा गया है कि रिपोर्ट के अनुसार घटना अचानक नौ सेकेंड में हो गयी थी। इतने कम समय में वहां पुलिसकर्मियों के पास कुछ करने का मौका नहीं था।

---

पेरिस ओलम्पिक खेलों में आज सातवें दिन मेरठ की पारूल चौधरी एथलेटिक्स में रात साढ़े नौ बजे पांच हजार मीटर दौड़ के क्वालीफाइंग राउंड में हिस्सा लेंगी। निशानेबाजी में मनु भाकर महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा के फाइनल में पहुंच गई हैं।

(समाप्त)